फर्द अहकाम

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जमवारामगढ, जिला जयपुर ग्रामीण

गुलाबचन्द वगै0 बनाम अशोक वगै0

दमा नं0 :–20/2023

या	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
	13.06.2024	पत्रावली पेश हुई। वकील उभय पक्ष। पत्रावली आदेश में विचाराधीन है। पत्रावली में उपलब्ध प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र, तहसीलदार रिपोर्ट एवं अन्य दस्तावेजात का अवलोकन करने व वकील उभय पक्षो की बहस का मनन करने पर प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करना उचित समझते है। अतः प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू–राजस्व अधि0 को स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार जमवारामगढ को आदेश दिया जाता है कि प्रार्थीगण की ग्राम डोडा डूंगर, पटवार हल्का मानोता, तहसील जमवारामगढ, जिला जयपुर में स्थित भूमि खसरा नम्बर 984, 981/1, 1003, 980, 985, 986, 987, 988, 989, 990, 991, 992, 981, 982, 992 में यदि मौके पर फसल न हो एवं कोई स्थगन आदेश न हो तो प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगणों की मौजूदगी में पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट भिजवावें। पत्थरगढी की आड में बेदखली की कार्यवाही नही की जावें। अगर किसी पडौसी खातेदार द्वारा आपत्ति करते है तो उन्हे सुनवाई का उचित अवसर प्रदान कर पत्थरगढी की कार्यवाही की जावें। निर्णय की प्रति तहसीलदार को भिजवाई जावें। निर्णय आज खुले न्यायालय मे सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद पूर्ति दाखिल दफ्तर हों। उप खण्ड अधिकारी (ललित मीना) जमवारामगढ़ उपखण्ड अधिकारी जमवारामगढ़	